भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1274
(30 जुलाई, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए)

पुरानी सड़कों का अनुरक्षण

1274. सुश्री कंगना रनौत:

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हिमाचल प्रदेश में मंडी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के छमहन से गनखला तक 7 किलोमीटर और अलज बिजली महादेव रोड , कुल्लू तक 5 किलोमीटर की अत्यधिक क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और इसके कब तक पूरा होने की संभावना है;

(ख) प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत निर्मित चारोल नाला से काशवरी तक सड़क का ब्यौरा क्या है;

(ग) पीएमजीएसवाई के अंतर्गत परिवर्तित किए गए और सड़क निर्माण किए गए हिमाचल प्रदेश के मंडी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के कुल्लू , मंडी संसदीय क्षेत्र के छमहन से गनखला और अलज बिजली महादेव रोड तक 5 किलोमीटर का विवरण क्या है; और

(घ) इस संबंध में क्या समय सीमा तय की गई है?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(श्री कमलेश पासवान)

(क): राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार , छमहन से गनखला तक सड़क निर्माण कार्य ग्राम पंचायत दनोगी द्वारा किए गए हैं और यह उल्लेखनीय है कि यह क्षेत्र लोक निर्माण विभाग, हिमाचल प्रदेश के क्षेत्राधिकार में नहीं आता है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-।।। (पीएमजीएसवाई-।।।) के तहत 7.335 किलोमीटर लंबी एक अन्य सड़क-एमआरएल- 10-भरैन (पैकेज आईडी-एचपी6164) को मंजूरी दी गई है। राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार , इस सड़क की

मरम्मत और चौड़ीकरण का कार्य 5.00 किलोमीटर तक पूरा कर लिया गया है और शेष कार्य इस समय प्रगति पर है।

(ख): वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना- ।।। के अंतर्गत सड़क परियोजना-एमएलआर09-छारौर नाला से कशावरी सड़क (पैकेज आईडी-एचपी 6163) - 7.985 किलोमीटर लंबाई को मंजूरी दी गई है। हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, इस परियोजना का कार्य वर्तमान में प्रगति पर है और इसे समय पर पूरा किया जाना सुनिश्चित करने के लिए इसके विकास की गहन निगरानी की जा रही है।

(ग): छमहन से गनखला सड़क का निर्माण ग्राम पंचायत दनोगी द्वारा किया गया है , जबकि पीएमजीएसवाई-।।। के तहत वर्ष 2023-24 के लिए स्वीकृत आलज बिजली महादेव सड़क (लिंक रोड ग्राम भरैन किलोमीटर 0/00 से 7/335, पैकेज सं एचपी- 06-164) का निर्माण किया गया है। जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है , इस सड़क की मरम्मत और चौड़ीकरण का कार्य 5.00 कि.मी. तक पूरा किया जा चुका है और कार्य निर्धारित समय अनुसार प्रगति पर है।

(घ): पीएमजीएसवाई-।।। को पूरा करने की समय-सीमा मार्च, 2025 है।

******